दैनिक
# जयवर्द्धन
पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 63 | राजसमंद - गुरुवार, 24 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 4 पर पढ़े - जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान और नगर का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता : विधायक माहेश्वरी




# राजसमंद में पंचायतीराज चुनाव का खाका तैयार : जिला परिषद में 15 वार्ड अनारक्षित, 3 पंचायत समितियों में सामान्य महिला प्रधान

- 29 जिला परिषद सदस्य व 9 पंचायत समितियों के सदस्यों का वर्गवार आरक्षण तय
- चुनावी बिगुल : जिला कलेक्टर हसीजा की मौजूदगी में निकली लॉटरी, कुंभलगढ़-नाथद्वारा विधायकों की मौजूदगी में तय हुआ आरक्षण गणित
- 161 पंचायत समिति वार्डों का आरक्षण घोषित : आज एसडीएम स्तर पर तय होंगे सरपंच-पंच

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में आगामी पंचायतीराज चुनाव को लेकर जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति प्रधान और पंचायत समिति सदस्य पदों के आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया पूरी हो गई है। बुधवार को जिला परिषद सभागार में हुई आरक्षण प्रक्रिया के बाद अब जिले में पंचायतीराज चुनाव की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। जिला परिषद के 29 सदस्य पदों, 9 पंचायत समितियों के प्रधान पद और नो पंचायत समिति के कुल 161 सदस्य वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा ने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पदों का निर्धारण संबंधित क्षेत्र में उनकी जनसंख्या के प्रतिशत के आधार पर किया जाता है, जबकि ओबीसी और महिलाओं के लिए आरक्षण लॉटरी के माध्यम से निर्धारित किया जाता है। अब ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच और वार्ड पंच के पदों का आरक्षण किया जाना बाकी है। इसकी प्रक्रिया गुरूवार उपखंड स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालयों में होगी। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वा एवं जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





## जिला परिषद के 29 वार्डों का आरक्षण तय

राजसमंद जिला परिषद में कुल 29 सदस्य वार्ड हैं। इनमें 6 वार्ड एससी, 5 वार्ड एसटी, 5 वार्ड ओबीसी और 15 वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं। अनारक्षित 15 वार्डों में 7 अनारक्षित ओपन और 8 अनारक्षित महिला वार्ड शामिल हैं। आरक्षण के अनुसार एससी ओपन के लिए वार्ड 21 और 24, जबकि एससी महिला के लिए वार्ड 11 और 13 आरक्षित किए गए हैं। इसी तरह एसटी ओपन के लिए वार्ड 3, 4 और 8 तथा एसटी महिला के लिए वार्ड 9 और 6 आरक्षित हैं। ओबीसी ओपन वर्ग में वार्ड 2, 5 और 12 तथा ओबीसी महिला वर्ग में वार्ड 10 और 26 रखे गए हैं। वहीं अनारक्षित ओपन वर्ग में वार्ड 1, 7, 14, 16, 17, 20 और 29 शामिल हैं। अनारक्षित महिला वर्ग के लिए वार्ड 25, 23, 18, 28, 15, 27, 22 और 19 आरक्षित किए गए हैं। इस तरह जिला परिषद के सभी 29 वार्डों का आरक्षण निर्धारित हो गया है।

## 9 पंचायत समितियों में प्रधान पद का आरक्षण

जिले की 9 पंचायत समितियों के प्रधान पदों का आरक्षण भी तय हो गया है। इनमें 3 पद सामान्य महिला, 3 सामान्य ओपन, 1 एसटी ओपन, 1 एससी महिला और 1 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं। आमेट, भीम और राजसमंद पंचायत समिति के प्रधान पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। वहीं देवगढ़, कुंभलगढ़ और खमनोर में प्रधान पद सामान्य ओपन रखा गया है। इसी तरह चारभुजा पंचायत समिति में प्रधान पद एसटी ओपन, देलवाड़ा में एससी महिला और रेलमगरा में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है।

## पंचायत समिति सदस्यों के 161 वार्डों का आरक्षण

जिले की नौ पंचायत समितियों में कुल 161 पंचायत समिति सदस्य वार्ड हैं। इन सभी वार्डों का वर्गवार और महिला आरक्षण भी लॉटरी के माध्यम से निर्धारित किया गया।

## आमेट पंचायत समिति : 17 वार्ड

आमेट में एससी ओपन वार्ड 5 और 17, एससी महिला वार्ड 10, एसटी ओपन वार्ड 2, एसटी महिला वार्ड 6, ओबीसी ओपन वार्ड 8 और 12 तथा ओबीसी महिला वार्ड 7 आरक्षित हैं। अनारक्षित ओपन वर्ग में 3, 1, 9 और 15, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 13, 14, 4, 11 और 16 वार्ड शामिल हैं।

## भीम पंचायत समिति के कुल 19 वार्ड

भीम पंचायत समिति में एससी ओपन वार्ड संख्या 4 और एससी महिला के लिए 12 आरक्षित है। एसटी वर्ग के लिए कोई वार्ड निर्धारित नहीं हुआ है। ओबीसी ओपन वार्ड 9 और 11 तथा ओबीसी महिला वार्ड 13 है। अनारक्षित ओपन वर्ग में 3, 5, 10, 14, 17, 18 और 19 तथा अनारक्षित महिला वर्ग में 15, 16, 7, 1, 6, 8 और 3 वार्ड बताए गए हैं।

## देवगढ़ पंचायत समिति के कुल 15 वार्ड

देवगढ़ में एससी ओपन वार्ड 2 और 11, एससी महिला 9, एसटी ओपन 10, ओबीसी ओपन 1 और 13 तथा ओबीसी महिला 6 आरक्षित हैं। अनारक्षित ओपन वर्ग में 4, 7 और 12, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 3, 5, 15, 8 और 14 वार्ड शामिल हैं।

## कुंभलगढ़ पंचायत समिति के कुल 15 वार्ड

कुंभलगढ़ में एससी ओपन वार्ड 12, एसटी ओपन 1, 2 और 11, एसटी महिला 7 और 3 तथा ओबीसी महिला 4 के लिए आरक्षित है। अनारक्षित ओपन वर्ग में 5, 8, 10 और 14, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 9, 6, 13 और 15 वार्ड रखे गए हैं।

## चारभुजा पंचायत समिति : 15 वार्ड

नवगठीत चारभुजा पंचायत समिति में एससी ओपन वार्ड 12, एससी महिला 11, एसटी ओपन 4 और 15, एसटी महिला 7, ओबीसी ओपन 14 और ओबीसी महिला 10 आरक्षित हैं। अनारक्षित ओपन वर्ग में 5, 6, 9 और 13, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 8, 3, 1 और 2 वार्ड शामिल हैं।

## खमनोर पंचायत समिति के 19 वार्ड

खमनोर में एससी ओपन वार्ड 10, एससी महिला 17, एसटी ओपन 3 और 4, एसटी महिला 5 और 7, ओबीसी ओपन 1 और 18 तथा ओबीसी महिला 6 आरक्षित है। अनारक्षित ओपन वर्ग में 2, 8, 9, 11 और 12, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 13, 14, 15, 16 और 19 वार्ड शामिल हैं।

## देलवाड़ा पंचायत समिति के कुल 15 वार्ड

देलवाड़ा में एससी ओपन वार्ड 6, एसटी ओपन 4 और 7, एसटी महिला 2 और 3, ओबीसी ओपन 5 तथा ओबीसी महिला 1 आरक्षित हैं। अनारक्षित ओपन वर्ग में 8, 10, 11 और 15, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 9, 12, 13 और 14 वार्ड शामिल हैं।

## रेलमगरा पंचायत समिति के कुल 21 वार्ड

रेलमगरा में एससी ओपन वार्ड 6 और 20, एससी महिला 11 और 15, एसटी ओपन 5, एसटी महिला 4, ओबीसी ओपन 7 और 19 तथा ओबीसी महिला 10 और 17 आरक्षित हैं। अनारक्षित ओपन वर्ग में 1, 3, 13, 14, 16 और 18, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 2, 8, 9, 12 और 21 वार्ड रखे गए हैं।

## राजसमंद पंचायत समिति के 25 वार्ड

राजसमंद पंचायत समिति के 25 वार्डों में एससी ओपन वार्ड 12 और 17, एससी महिला 10, एसटी ओपन 20 और 6, एसटी महिला 19 और 16, ओबीसी ओपन 14, 22 और 25 तथा ओबीसी महिला 4 और 2 आरक्षित किए गए हैं। अनारक्षित ओपन वर्ग में 3, 24, 15, 7, 9 और 11, जबकि अनारक्षित महिला वर्ग में 21, 18, 23, 13, 5, 1 और 8 वार्ड शामिल हैं।

## अब सरपंच और वार्ड पंच के आरक्षण की बारी

जिला परिषद और पंचायत समितियों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब ग्राम पंचायतों के सरपंच और वार्ड पंचों के आरक्षण की प्रक्रिया होगी।

प्रदेश में 14,403 सरपंच और 1,30,589 वार्ड पंचों के पदों की लॉटरी गुरूवार को संबंधित एसडीएम कार्यालयों में निकाली जाएगी। राजसमंद जिले की बात करें तो यहां कुल 280 सरपंच और 2,458 वार्ड पंच हैं। इनके आरक्षण की प्रक्रिया उपखंड स्तर पर पूरी की जाएगी। आज होने वाली इस प्रक्रिया के बाद ग्राम पंचायत स्तर पर भी चुनावी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही संभावित सरपंच और वार्ड पंच उम्मीदवारों को यह पता चल सकेगा कि उनके गांव और वार्ड का आरक्षण किस वर्ग के लिए हुआ है।

# नकबजन गिरोह का बड़ा खुलासा : भीम पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

- दो दर्जन से अधिक वारदातों से उठा पर्दा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले की भीम थाना पुलिस ने संगठित नकबजन गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से की गई गहन पूछताछ में भीम, आसींद और ब्यावर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई करीब दो दर्जन से अधिक चोरी व नकबजनी की वारदातों का पर्दाफाश हुआ है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार कुंभार नाडा (भीम) निवासी किशोर पुत्र उदयलाल ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि अज्ञात चोर उसके मकान से विद्युत वायर, कॉपर केबल, ग्राइंडर मशीन तथा इलेक्ट्रिकल लाइट व फिटिंग का सामान चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

**सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्यों से पकड़े गए आरोपी** – मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हेमंत कलाल के निर्देश पर एएसपी महेंद्र पारिक एवं वृत्ताधिकारी राकेश कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी दिलीप खड़ाव के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने भीम, आसींद एवं आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध नरेंद्र सिंह एवं सुनील सिंह उर्फ कालू को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

**संगठित गिरोह बनाकर देते थे वारदात को अंजाम** – कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने भीम, आसींद व ब्यावर क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक चोरी व नकबजनी करना स्वीकार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी दिन के समय निर्माणाधीन व सुनसान मकानों को चिन्हित कर उनकी रेकी करते थे और रात में कॉपर केबल, विद्युत वायर तथा कीमती इलेक्ट्रिकल उपकरणों को निशाना बनाते थे। संगठित अपराध में शामिल होने के कारण आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 111(2) का इजाफा किया गया है।

# 14 वर्षीय पीड़िता के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी को 2 वर्ष का कठोर कारावास

- पॉक्सो कोर्ट राजसमंद ने सुनाया फैसला : 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पॉक्सो न्यायालय की न्यायाधीश पूर्णिमा गौड़ ने 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के गंभीर मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए अभियुक्त संपतलाल को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त को 2 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक नरोत्तम पालीवाल ने बताया कि घटना के संबंध में पीड़िता के पिता ने 29 जून 2014 को पुलिस थाना नाथद्वारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 28 जून 2014 की शाम एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तकड़िया का गुड़ा (नाथद्वारा) गांव आया। उसने खुद को रेलमगरा का निवासी और प्रशासनिक योजनाओं का जानकार बताकर ग्रामीणों को झांसा दिया कि वह सरकार से मकान निर्माण एवं कूपन योजना के तहत करीब 80 हजार रुपए दिलाएगा। अगले दिन कागजी प्रक्रिया और फोटोकॉपी का झांसा देकर उसने ग्रामीणों से रुपए लिए। इसके बाद योजना में बच्ची के नाम से पैसे निकलवाने की बात कहकर वह पीड़िता के पिता और उसकी 14 वर्षीय पुत्री को साथ लेकर गुंजोल पहुंचा। वहां पिता को एक जगह बैठाकर आरोपी बच्ची को धोखे से बहला-फुसलाकर पास के जंगल में ले गया और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया।

**अभियोजन पक्ष ने पेश किए 21 गवाह और 33 दस्तावेज** – घटना के बाद नाथद्वारा थाना पुलिस ने सजगता दिखाते हुए अनुसंधान पूरा कर न्यायालय में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया। मामले में पीड़िता और सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक नरोत्तम पालीवाल ने न्यायालय के समक्ष 21 गवाह और 33 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। पीड़िता ने भी न्यायालय में अभियुक्त के विरुद्ध निसंकोच बयान दर्ज कराए। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने तथा पत्रावली पर आए साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त संपतलाल पुत्र माधोलाल निवासी रेलमगरा जिला राजसमंद को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के कठोर कारावास तथा 10,000 रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### अमेरिकी वर्चस्व थोपने वाला रवैया

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति का संबोधन एक अहम पड़ाव होता है कि यह महाशक्ति शेष विश्व को किस दृष्टि से देखती है। चूंकि राष्ट्रपति ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अपारंपरिक एवं अप्रत्याशित पहलुओं से भरा रहा है, इसलिए उनके संबोधन को लेकर उत्सुकता स्वाभाविक थी। ट्रंप का संबोधन उनके दूसरे कार्यकाल की विदेश नीति के आधारभूत तर्कों की एक स्पष्ट और सटीक अभिव्यक्ति साबित हुआ। इसमें ट्रंप ने यह दर्शाने का प्रयास किया कि अमेरिका केवल 'अपनी महानता की वापसी' की ओर ही नहीं लौट रहा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अपनी शर्तों के अनुसार नया स्वरूप देने के प्रति संकल्पित भी है।

उनका मूल संदेश उनकी चिरपरिचित शैली के अनुरूप ही था कि किसी संस्थागत आम सहमति के बजाय अमेरिकी सैन्य एवं आर्थिक सामर्थ्य ही वैश्विक शांति की प्रमुख संरक्षक होगी। ट्रंप ने जिस तरह दुनिया को खतरों, कमजोर संस्थाओं और रणनीतिक होड़ से घिरे परिदृश्य के रूप में चित्रित किया, उसमें 'शक्ति के जरिये शांति' महज एक नारा नहीं, बल्कि वाशिंगटन के वैश्विक दृष्टिकोण को समझने का एक व्यावहारिक ढांचा बनकर उभरा।

ट्रंप के भाषण में ईरान का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। उन्होंने तेहरान को दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा प्रायोजक करार दिया और दोहराया कि अमेरिका किसी भी सूरत में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। हालांकि उनकी आक्रामक बयानबाजी ने कूटनीति और टकराव दोनों ही विकल्पों को खुला रखा। जहां उन्होंने दो-टूक कहा कि ईरान के सामने विकल्प एकदम स्पष्ट है कि या तो वह वाशिंगटन की स्वीकार्य शर्तों पर समझौता करे या फिर अप्रत्याशित सैन्य बल के प्रहार का सामना करने को तैयार रहे। इस तीखी बयानबाजी के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों से इतर अमेरिकी और ईरानी राजनयिकों में संवाद भी जारी रहा।

यह ट्रंप की सौदेबाजी पर केंद्रित कूटनीति को ही उजागर करता है। उन्होंने पश्चिमी गोलार्ध को लेकर भी उतना ही कड़ा रवैया दिखाया। वेनेजुएला, निकोलस मादुरो और तेल संसाधनों के आलोक में 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' सरीखे नजरिये से उन्होंने यही संकेत दिया कि वाशिंगटन अब इस क्षेत्र को ऐसे दायरे के रूप में देख रहा है, जहां अमेरिकी वर्चस्व न केवल स्थापित होना चाहिए, बल्कि उसे सख्ती से लागू भी किया जाना चाहिए। उन्होंने क्यूबा को एक विफल कम्युनिस्ट देश के रूप में चित्रित किया। मेक्सिको को भी इसी व्यापक सुरक्षा ढांचे के दायरे में रखा।

कुछ समय से ट्रंप की छवि ऐसे व्यक्ति की बन गई है, जो अपनी पीठ स्वयं थपथपाने को लेकर कोई संकोच नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी उन्होंने यही दोहराया कि एक के बाद एक युद्ध, टकराव और तनाव दूर करने में उनकी कितनी अहम भूमिका रही। इस कड़ी में उन्होंने कंबोडिया-थाईलैंड, कोसोवो-सर्बिया, रवांडा-कांगो, भारत-पाकिस्तान, आर्मेनिया-अजरबैजान और गाजा के विवादों को ऐसे उदाहरणों के रूप में गिनाया, जिनका उनके शासनकाल में स्थायी समाधान हुआ या युद्धविराम संभव हो सका। आर्कटिक और ग्रीनलैंड ट्रंप की नई नीति में अंतर्निहित भू-राजनीतिक दृष्टिकोण के सबसे मुखर उदाहरण के रूप में सामने आए। अमेरिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने और डेनमार्क एवं ग्रीनलैंड के साथ नए सुरक्षा समझौतों पर ट्रंप का आग्रह आर्कटिक की बढ़ती सामरिक अहमियत का परिचायक रहा। स्पष्ट है कि अमेरिका के लिए यह क्षेत्र अब एक सीमांत परिधि से परे वृहद-शक्ति प्रतिस्पर्धा, समुद्री आवाजाही, संवेदनशील अवसंरचना और उत्तरी अमेरिका की संप्रभु रक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

# दिगम्बर जैन समाज ने दशलक्षण पर्व के आठवें दिन मनाया उत्तम त्याग धर्म

## - विविध पूजा विधान हुए, जप-तप जारी

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** शहर में चल रहे दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन बुधवार को उत्तम त्याग धर्म मनाया गया जहां धार्मिक विधानं एवं प्रवचन आदि कार्यक्रम हुए वहीं समाज में जप-तप व व्रतोपवास जारी है। यहां शांतिनाथ मंदिर में तय कार्यक्रम अनुसार समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन, महामंत्री सुनील जैन सहित समाजजनों की उपस्थिति में सुबह पूजा विधान शुरू हुए जो करीब चार घंटे तक चले। आरम्भ में शांतिनाथ प्रभु का अभिषेक हुआ जिसके उपरांत मंत्रोच्चार के साथ शांतिधारा अनुष्ठान हुआ। इसमें लाभार्थी सदस्यों ने विधिपूर्वक पूजन विधि पूर्ण की। इसी क्रम में प्रभु के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया गया वहीं चित्र अनावरण भी हुआ। उक्त पूजा विधानों में महावीर प्रसाद, कमल कुमार जैन, राकेश, उमेश, शुभम, अनिल, ममता, अमित, अचिता, सोहम ढीलवारी परिवार, विजेंद्र, उर्मिला, आशीष, श्वेता, आनी श्रीमाल परिवार, पारस, प्रसन्न पाटनी, राजेंद्र कुमार, सुनील, अनिल, मनोज जैन परिवार, अनिल गंगवाल परिवार ने धर्मलाभ लिया। अनुष्ठान उपरांत मंदिर में धर्मप्रेमियों ने प्रभु भक्ति से ओतप्रोत भजन गायन भी किया। इसमें महिमा प्रभु नाम की, ओ महिमा तेरे नाम की..., सारे जग को सुनाऊं मैं तो..., आदि भक्ति संगीत के स्वर बिखरते रहे जिसके चलते वातावरण धर्म-अध्यात्म से सराबोर हो गया। इस दौरान जैन शास्त्रकार संस्थान से आए पं आयुष जैन ने कहा कि जैन धर्म में पर्युषण को पर्वाधिराज व महापर्व माना गया है जिसमें तप, त्याग व आराधना का बड़ा महत्व है। त्याग धर्म पर चर्चा में उन्होंने कहा कि उत्तम त्याग से स्वयं का विकास होता है। हमें अपने जीवन से पाप कर्मों, कषायों, विकारों एवं बुरी आदतों तथा दुखदायी एवं विनाशकारी भोग विलास का त्याग करना चाहिए।



मुनियों के त्याग ने ही उन्हें महान बनाया। त्याग हमें आत्म प्रभुता की ओर ले जाता है लेकिन त्याग के लिए हमें आत्मशक्ति को बढ़ाना होगा।

### कल धूमधाम से निकलेगी शांतिनाथ भगवान की शोभायात्रा

समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन ने बताया कि महापर्व अन्तर्गत अनंत चतुर्दशी पर शुक्रवार को शांतिनाथ भगवान की शोभायात्रा बैण्ड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा शाम चार बजे शांतिनाथ मंदिर से निकलेगी जिसमें प्रभु पालकी में विराजित होंगे वहीं साथ में अश्व आदि भी होंगे।

शहर भ्रमण उपरांत शोभायात्रा पुनः मंदिर पहुंचेगी जहां कलशाभिषेक व पूजन आदि अनुष्ठान होंगे तथा सामूहिक आरती कार्यक्रम होगा। पर्युषण के आखरी चरण में 27 सितम्बर को क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा।

# हिंदुस्तान जिंक ने सीसीक्यूसी 2026 में 50 स्वर्ण पुरस्कार जीतकर जमाया कब्जा

## - राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स ने जीते सर्वाधिक 18 स्वर्ण व 2 रजत पुरस्कार
## - स्वर्ण विजेता टीमें अब नेशनल कन्वेंशन में करेंगी कंपनी का प्रतिनिधित्व

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** विश्व की प्रमुख एकीकृत जिंक और चांदी उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक ने चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी) 2026 में अपनी गुणवत्ता और नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी की विभिन्न इकाइयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 50 स्वर्ण और 9 रजत पुरस्कार अपने नाम किए। इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में हिंदुस्तान जिंक की माइंस और स्मेल्टर इकाइयों से कुल 59 परियोजनाएं प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें से सभी को सफलता मिली। अब स्वर्ण पुरस्कार विजेता सभी टीमें आगामी नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स 2026 में अपनी परियोजनाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स ने सर्वाधिक 18 स्वर्ण व 2 रजत पुरस्कार जीते। इसके अलावा




चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर ने 13 स्वर्ण और 4 रजत, जिंक स्मेल्टर देबारी ने 6 स्वर्ण, रामपुरा आगुचा माइन ने 4 स्वर्ण, पंतनगर मेटल प्रोजेक्ट ने 4 स्वर्ण और 1 रजत, कायड़ माइन ने 3 स्वर्ण और 2 रजत तथा जावर माइंस ने 2 स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए। राजसमंद-उदयपुर और रुद्रपुर चैप्टर में आयोजित इस सम्मेलन में 25 से अधिक संस्थानों के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। हिंदुस्तान जिंक की पुरस्कृत परियोजनाओं का मुख्य फोकस परिचालन उत्कृष्टता, उत्पादकता बढ़ाने, विश्वसनीयता सुधारने, लागत अनुकूलन, सुरक्षा और गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर रहा। कंपनी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए वैश्विक खनन एवं धातु उद्योग में गुणवत्ता और प्रदर्शन के नए मानदंड स्थापित कर रही है।

# आयुर्वेद दिवस पर राजकीय आयुर्वेद औषधालय पंचकर्म केंद्र कांकरोली को धन्वंतरि पुरस्कार

## - श्रेष्ठ चिकित्सालय श्रेणी में राज्य स्तर पर सम्मानित हुआ कांकरोली आयुर्वेद औषधालय

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** 11वें आयुर्वेद दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय आयुर्वेद औषधालय पंचकर्म केंद्र कांकरोली को श्रेष्ठ चिकित्सालय श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य एवं नवाचार के लिए धन्वंतरि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार, आयुर्वेद मनीषी श्रीकृष्ण खांडेल, सेवानिवृत्त आईएएस दीप नारायण पांडे, आयुर्वेद निदेशक डॉ आनंद शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। औषधालय के प्रभारी डॉ विनोद सैनी ने बताया कि प्रतिवर्ष आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर के आयुर्वेद चिकित्सालयों एवं औषधालयों में किए जा रहे उत्कृष्ट चिकित्सकीय कार्यों, नवाचारों एवं रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के आधार पर श्रेष्ठ संस्थानों का चयन किया जाता है। इसी क्रम में राजकीय आयुर्वेद औषधालय पंचकर्म केंद्र कांकरोली का श्रेष्ठ चिकित्सालय



श्रेणी में धन्वंतरि पुरस्कार के लिए चयन किया गया। उन्होंने बताया कि औषधालय में रोगियों को गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध कराने के साथ उपचार की आधुनिक तकनीकों एवं विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। जानुधारा, इंफ्रारेड, ओजोन स्टीमर सहित विभिन्न तकनीकों के माध्यम से जोड़ों एवं अन्य रोगों के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपचार की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के उद्देश्य से औषधीय तेलों के निर्माण सहित अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। साथ ही रोगियों से प्राप्त सुझाव एवं फीडबैक के आधार पर औषधालय में आवश्यक सुधार एवं सुविधाओं का विस्तार किया जाता है। औषधालय में संचालित आरोग्य समिति के माध्यम से आगंतुक रोगियों को विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी श्रेष्ठ चिकित्सक श्रेणी में कांकरोली के प्रभारी डॉ विनोद सैनी को राज्य स्तरीय धन्वंतरि पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। लगातार 2 वर्षों से औषधालय एवं इसके चिकित्सकीय दल द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और नवाचारों से आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को आमजन तक पहुंचाने एवं लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

# जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के ऑरेंज काउंटी स्कूल ने जीती जनरल चैंपियनशिप

## - तीन खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** मेवाड़ क्लब पूल में आयोजित 35वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ऑरेंज काउंटी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनरल चैंपियनशिप अपने नाम की है। प्रतियोगिता का केंद्र राउप्रावि किशोर नगर मंडा रहा। प्रतियोगिता में ऑरेंज काउंटी स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर.14 आयु वर्ग में विद्यालय के छात्र केशव सनाढ्य ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक 100 मीटर बैक स्ट्रोक और 200 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं इसी आयु वर्ग में यज्ञ बंधु ने 50 मीटर फ्री स्टाइल 100 मीटर फ्री स्टाइल तथा 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। शानदार प्रदर्शन के दम पर केशव सनाढ्य और यज्ञ बंधु दोनों ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर भी कब्जा जमाया। इसके अलावा अंडर-14 बालिका वर्ग में स्कूल की छात्रा



कनिष्का सैनी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर बैक स्ट्रोक 100 मीटर बैक स्ट्रोक और 100 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर केशव सनाढ्य यज्ञ बंधु और कनिष्का सैनी का चयन आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक भीलवाड़ा में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर ऑरेंज काउंटी स्कूल प्रशासन और समस्त विद्यालय परिवार ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर्ष जताया।

# मैदान पर संघर्ष, जीत के बाद जश्न : राज्यावास में फुटबॉल महाकुंभ का समापन

## - खिलाड़ियों ने खेल भावना से जीता दर्शकों का दिल, विजेता टीमों को किया सम्मानित

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राउमावि राज्यावास में चार दिनों से चल रही 35वीं जिला स्तरीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ खेल का प्रदर्शन किया। मैदान पर हर गोल के साथ रोमांच बढ़ता रहा और अंतिम सीटी तक जीत के लिए संघर्ष देखने को मिला। प्रतियोगिता संयोजक भगवतीलाल मेनारिया ने बताया कि 17 वर्ष छात्र वर्ग में ऑरेंज काउंटी स्कूल कांकरोली प्रथम, सेंटपोल स्कूल कांकरोली द्वितीय तथा सविता इंटरनेशनल स्कूल नान्दोली तृतीय रहे। 19 वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि भाणा प्रथम, राउमावि एमड़ी द्वितीय तथा राउमावि कुरज तृतीय स्थान पर रहे। 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि एमड़ी प्रथम, राउमावि गवारड़ी द्वितीय तथा राबाउमावि कुरज तृतीय रहे। वहीं 19 वर्ष छात्रा वर्ग में



राउमावि भाणा प्रथम, राउमावि राज्यावास द्वितीय तथा नवप्रभात स्कूल एमड़ी तृतीय रहे। समापन पर छात्राओं की स्वागत नृत्य प्रस्तुति और कालबेलिया नृत्य ने समारोह में रंग भर दिया। लोक संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी, विशिष्ट अतिथि भेरुसिंह गौड़, विक्रमसिंह भाटी, शम्भूलाल खारोल, कन्हैयालाल सनाढ्य, रामलाल रेगर, भंवरलाल धोबी, ओमप्रकाश, जगदीश चंद्र, गणपतलाल दुदानी, राजेश गुर्जर, कीर्तिराज सिंह झाला, एडीईओ छगनलाल पूर्बिया, पूव पार्षद मांगीलाल टांक, ईश्वरलाल बोहरा, बंशीलाल पंचोली, मोतीनाथ, पुष्कर पूर्बिया एवं किशन सनाढ्य थे जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी ने की। केन्द्राध्यक्ष ब्रजेश कुमार आचार्य ने बताया कि अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल मैदान विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग और संघर्ष की भावना विकसित करता है। संचालन तुलसीराम सालवी एवं कमलेश जोशी ने किया। अतिथि स्वागत भेरूलाल खींची, अजय पारीक, योगेश त्रिवेदी, एकता गर्ग एवं चंचल जैन ने किया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, टीम प्रभारियों और निर्णायकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं में राज्यावास फुटबॉल क्लब एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय लोगों की सहभागिता से प्रतियोगिता का माहौल उत्सव जैसा बना रहा स समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले भामाशाहों, निर्णायकों, प्रतिनियुक्त कार्मिकों एवं आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं का भी बहुमान किया गया। चार दिनों तक चले इस महाकुंभ में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का समर्थन पूरे आयोजन में बना रहा। अंतिम सीटी के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ, लेकिन खिलाड़ियों के संघर्ष, रोमांच और खेल भावना ने राज्यावास के खेल मैदान पर यादगार छाप छोड़ी।

# मेरा भारत, विकसित भारत कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## - भव्या त्यागी और देवेंद्र लोहार रहे प्रथम

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पीएम श्री नंदलाल जोशी राउमावि मोही में बुधवार को मेरा भारत/विकसित भारत कार्यक्रम के तहत भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और विकसित भारत के प्रति सकारात्मक सोच का संचार करना रहा। मेरा भारत उत्कृष्ट भारत विषय पर आयोजित भाषण स्पर्धा में में



राउमावि एमडी की भव्या त्यागी ने प्रथम, देवपुरा के देवेंद्र पुर्बिया द्वितीय और पड़ासली की प्रियंका कुंवर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में पिपली आचार्यान के देवेंद्र लोहार ने प्रथम, कविता सालवी ने द्वितीय तथा भावा के श्रवण सालवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल द्वारा विषय-वस्तु, मौलिकता, रचनात्मकता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजेश गोराना, रणजित त्रिपाठी तथा सुनील यादव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। संस्था प्रधान उमेश शर्मा ने आभार जताते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना प्रत्येक नागरिक के योगदान, नवाचार और मेहनत से ही साकार होगा।

# लोक अधिकार मंच की बैठक : राजसमंद झील का न्यूनतम स्तर तय करने और पेयजल संकट के पूर्व समाधान की मांग

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राष्ट्रीय लोक अधिकार मंच की गांधी पार्क में आयोजित बैठक में राजसमंद झील का न्यूनतम भराव स्तर निर्धारित करने, आगामी पेयजल संकट के समाधान और हाल ही में संपन्न नगरीय निकाय चुनावों की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय समन्वयक कन्हैयालाल त्रिपाठी ने निकाय चुनाव के बाद की स्थितियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्थानीय चुनावों में जिस तरह का परिदृश्य देखने को मिला, उससे लोकतंत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने ग्रामीण व स्थानीय चुनावों को



राजनीतिक खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए समाजों और पंचायतों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने घोषणा की कि मंच की ओर से शीघ्र ही सर्व समाज का सम्मेलन आयोजित कर जनसंवाद किया जाएगा तथा राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी जाएगी। मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संपत लाल लड्ढा ने निकाय चुनावों की समीक्षा करते हुए आरोप लगाया कि चुनावों में सरकारी संसाधनों का अनुचित दुरुपयोग हुआ है।

उन्होंने मांग की कि स्थानीय नगरीय निकायों के चुनाव भी ग्रामीण पंचायती राज की तर्ज पर दलगत राजनीति से मुक्त होने चाहिए। इसके साथ ही, लड्ढा ने कम बारिश को देखते हुए जिले में भावी पेयजल संकट के पूर्व निस्तारण हेतु प्रशासन से वार्ता करने पर बल दिया। बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष रामचंद्र पालीवाल एवं कोषाध्यक्ष बंसीलाल रांका सहित पदाधिकारी मौजूद थे। पालीवाल ने संगठन का एक अस्थायी कार्यालय खोलने तथा वर्षाकालीन अधिवेशन आयोजित करने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान तेजराम कुमावत के खेत पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा हल्दीघाटी संग्रहालय में आगामी अधिवेशन संपन्न कराने का भी निर्णय लिया गया।

# पैंगोलिन की स्किन बेचने की फिराक में चार गिरफ्तार

## - वन विभाग और वाइल्डलाइफःक्राइम कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई

### आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** वन विभाग और वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो नॉर्थ रीजन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पैंगोलिन की स्किन (शल्क) बेचने की फिराक में घूम रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई उप वन संरक्षक, वन्यजीव राजसमंद के निर्देशन में की गई। वन



विभाग के अनुसार 22 सितंबर को संयुक्त टीम भावा पेट्रोल पंप के पास निगरानी कर रही थी। इसी दौरान चार संदिग्ध लोग पैंगोलिन की स्किन बेचने की कोशिश करते पाए गए। टीम ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ा और उनके कब्जे से पैंगोलिन की स्किन बरामद की। वन विभाग के रेंजर लादूलाल शर्मा के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हीरालाल जोगी निवासी झाडोल, सुरेश जोगी, लादू जोगी निवासी खातीखेड़ा और गोपीलाल पूर्बिया निवासी अर्जुनपुरा के रूप में हुई है। संयुक्त टीम ने बरामदगी के बाद आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## राजसमंद के यज्ञ बंधु ने फिर लहराया परचम : लगातार दूसरे वर्ष बने व्यक्तिगत चैंपियन

जयवर्द्धन न्यूज़


**राजसमंद।** 70वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 2026-27 में राजसमंद के होनहार तैराक यज्ञ बंधु ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। मेवाड़ क्लब के तरणताल पर आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में यज्ञ बंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरे वर्ष व्यक्तिगत चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन केंद्र राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय किशोर नगर रहा। प्रतियोगिता के दौरान यज्ञ बंधु ने जलक्रीड़ा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल कर तीन स्वर्ण पदक जीते। तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही



यज्ञ बंधु का चयन आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक भीलवाड़ा में आयोजित की जाएगी। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में वे राजसमंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यज्ञ बंधु की इस निरंतर और शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, कोच भावेश और परिजनों में हर्ष का माहौल है।

## 79वें संत समागम की सेवाओं में राजसमंद से सैकड़ों सेवादार पहुंचे समालखा

### - संत समागम की सेवाओं में निभाएंगे सहभागिता
### - सेवा बनी समर्पण की साधना, हर हृदय से हो सेवा और मानवता का शुभारम्भ



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** संत निरंकारी मिशन के 79वें वार्षिक संत समागम की सेवाओं के अवसर पर राजसमंद से सैकड़ों सेवादार समालखा, हरियाणा पहुंच समर्पण और सेवाभाव से ओतप्रोत सेवादार समागम की तैयारियों में अपनी निस्वार्थ सेवाएं अर्पित कर रहे हैं। सेवादारों में सेवा को साधना मानते हुए मानवता और समर्पण की भावना के साथ योगदान देने का उत्साह दिखाई दे रहा है। विविधताओं से सजे इस संसार में हमारे रूप, भाषाएँ और जीवन-शैलियाँ भले ही अलग हों, किंतु इन बाहरी भिन्नताओं के पीछे बसने वाली चेतना एक ही है। हम सभी इसी परमात्मा की संतान हैं, जिन्हें सतगुरु ने प्रेम के अदृश्य सूत्र में बाँधकर मानवता को एकता का संदेश दिया है। संत निरंकारी मिशन इसी भावना को वसुधैव कुटुम्बकम -समस्त संसार एक परिवार के रूप में जीवन्त कर रहा है, जहाँ प्रेम केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली को दर्शाता है। 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में 23 से 26 अक्टूबर 2026 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा, हरियाणा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें आत्मिक चेतना और मानव-एकता के संदेश को हृदय में संजोए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होंगे। समागम की सेवाओं का शुभारम्भ बुधवार को सेवाभाव से परिपूर्ण वातावरण में हुआ। निरंकारी राजपिता रमित के कर-कमलों से सेवा स्थल का उद्घाटन किया गया।

## राष्ट्रधर्मी माता पन्नाधाय वनस्थली पहुंचे कमलेश कच्छारा



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** आशापुरा मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष नानजीभाई गुर्जर द्वारा स्थापित राष्ट्रधर्मी माता पन्नाधाय वनस्थली में मार्बल व्यवसाई कमलेश कच्छारा ने भ्रमण कर विभिन्न सेवा एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर नानजीभाई गुर्जर ने अतिथि कच्छारा का स्वागत कर वनस्थली की गतिविधियों व आगामी योजनाओं की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान कमलेश कच्छारा ने वनस्थली परिसर में संचालित वृक्षारोपण अभियानों, पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों तथा सामाजिक सेवा कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने नानजीभाई गुर्जर द्वारा समाज हित एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। इस मौके पर सुरेश कोरणा ने कमलेश कच्छारा को प्रस्तावित माता पन्नाधाय स्मारक के निर्माण कार्य, उसकी भव्य परिकल्पना और भावी योजनाओं से विस्तार से अवगत कराया। वनस्थली और स्मारक निर्माण के प्रकल्पों से प्रभावित होकर कमलेश कच्छारा ने हर संभव सहयोग प्रदान करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि समाज और पर्यावरण हित में किए जा रहे ऐसे प्रेरणादायी कार्यों में सहभागी बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

## संक्षिप्त खबरें

# वंदे सेवा संस्थान ने किया वृक्षारोपण : ट्री गार्ड सहित लगाए फलदार पौधे



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा कार्यों में अग्रणी वंदे सेवा संस्थान द्वारा भीलवाड़ा रोड स्थित विवेकानंद राउप्रावि परिसर में अध्यक्ष नितिन सोनी की अध्यक्षता में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था प्रधान सतीश आचार्य, रतनलाल रेगर तथा महेंद्र कुमावत ने संस्थान के पदाधिकारियों का इकलाई पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात संस्थान के सदस्यों द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर 8 फलदार पौधे रोपे गए। पौधों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संस्थान की ओर से उनके चारों ओर ट्री गार्ड भी लगाए गए। इस दौरान वंदे सेवा संस्थान के राकेश पगारिया, वीरेंद्र पगारिया, शंकर मादरेचा, नितिन सोनी, पंकज मेहता, कुलदीप पगारिया, भूपेंद्र चोरड़िया, राजेश माहेश्वरी, चंद्र प्रकाश सियाल, वैभव सिंघवी, पंकज हिंगड़, मोनिका पगारिया, सोनल हिंगड़, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष शंकर माली, मंत्री हरिओमसिंह चुंडावत, वंदना श्रीमाली, शंभूलाल कुमावत, सुषमा सालवी, शालिनी पाटोदिया, लता कुमावत, बंशीधर सैनी, भानुमति वैष्णव मौजूद रहे।

# एमडी में तीरंदाज साधेंगे टारगेट पर निशाने : स्केट्स से नापेंगे दूरी



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीप स्थित राउमावि एमडी में आयोजित जिला स्तरीय तीरंदाजी एवं स्केटिंग प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जहाँ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के केंद्राध्यक्ष एवं पीईओ भानु कुमार वैष्णव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा/प्रारंभिक शिक्षा के आदेशानुसार स्थानीय विद्यालय को 17 व 19 वर्ष (छात्र/छात्रा) तीरंदाजी तथा 14 वर्ष (छात्र/छात्रा) स्केटिंग एवं लॉन टेनिस प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। बुधवार को प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन हुआ गया। प्रतियोगिता संयोजक धर्मेंद्र अनोखा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू के तीरंदाजी कोच विशाल सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व खिलाड़ी अक्षय कुमावत, लॉन टेनिस संयोजक कुलदीप चौधरी, स्केटिंग संयोजक भावेश सनाढ्य, राजेश सनाढ्य, तीरंदाजी सह-संयोजक प्रतीक सक्सेना, रामकिशोर कुंडिया, भीम की प्राचार्य ललिता चौहान तथा कौशल चंद्र सनाढ्य थे जबकि अध्यक्षता भानु कुमार वैष्णव ने की। केंद्राध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण कर एवं स्वयं टारगेट पर तीर चलाकर 17 व 19 वर्ष तीरंदाजी प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान तीरंदाजी में इंडियन राउंड की 30 मीटर व 40 मीटर की स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं। संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र गुर्जर ने किया। उद्घाटन की घोषणा एवं खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ पंचायत शिक्षा अधिकारी वैष्णव ने दिलाई।

लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन

संयोजक अनोखा के अनुसार प्रातःकालीन सत्र में 14 वर्षीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सीबीए, द्वितीय स्थान पर रही कैरियर पॉइंट गुरुकुल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली स्मार्ट स्टडी की टीम के खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्रए प्रतीक चिह्न एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# कुंवारिया की नीतू शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले के कुंवारिया कस्बे के ब्रह्मपुरी निवासी शिक्षाविद् नीतू शर्मा को विशिष्ट विषय में उल्लेखनीय शोध कार्य पूर्ण करने पर माधव विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया है। माधव विश्वविद्यालय की शोधार्थी नीतू शर्मा ने डाइट शिक्षा संस्थान की उच्च प्राथमिक शिक्षा के विकास में भूमिका और चुनौतियां विषय पर अपना शोध कार्य डॉ सुजान कुमार पटेल एवं डॉ मुकेश शर्मा के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। पीएचडी की उपाधि प्रदान



किए जाने के अवसर पर परीक्षक के रूप में प्रो डॉ नितिन कुमार रावल, विश्वविद्यालय के शोध निदेशक डॉ संजय कु मार दास, शिक्षा संकाय की डॉ शैफली पटेल, डॉ प्रमोद आमेटा, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, डॉ संतोष दुबे, मनीष खंडेलवाल सहित कई शिक्षाविद् एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# सीता पालीवाल के कार्यकाल में पीपरड़ा का हुआ चहुंमुखी विकास : पालीवाल

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** ग्राम पंचायत पीपरड़ा में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि प्रशासक सीता पालीवाल के कार्यकाल में ग्राम पंचायत पीपरड़ा में करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए हैं और इस अवधि में पंचायत क्षेत्र का अभूतपूर्व चहुंमुखी विकास देखने को मिला है। समारोह के दौरान स्थानीय नगर निकाय के उप सभापति चुनाव की व्यस्तताओं के चलते राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर जनसमूह को संबोधित किया। प्रशासक सीता पालीवाल और ग्रामीणों की मांग पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वडली



वाला भेरूजी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। संचालन करते हुए भाजपा नेता गणेश पालीवाल ने अपने संबोधन में प्रशासक कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में करवाए गए प्रमुख विकास कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। ग्रामीणों, युवाओं तथा मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस कार्यकाल को पीपरड़ा के विकास का स्वर्णिम काल करार दिया। इस दौरान जिला महामंत्री भंवरसिंह चौहान, चिमन सिंह, नारायण गायरी, भोपाजी भंवरसिंह भाटी, उदयसिंह चदाणा, गोपाल श्रीमाली, महेंद्रसिंह चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, दिनेश सेन, धनसिंह राठौड़, राधेश्याम सुथार, सोहन खटीक, छोटू बन्ना, कालू खटीक, भंवर गुर्जर, खेमराज सेन, प्रेम गायरी, दीपचंद गायरी, शंभुसिंह सोलंकी, युगलसिंह भाटी, शंकर खटीक, शंकर नंगानी, रतन जाट, सुरेश जाट, माधुसिंह सोलंकी, हरि प्रजापत, मिठू दास, चंद्रकांत सालवी, रतन गायरी, वीडीओ सिद्धार्थ शर्मा, नाना गायरी, पूनम पालीवाल, गणेश जोशी, प्रहलाद तिवारी, मुरली गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, अर्जुनसिंह चौहान, गणेश भील, सुरेश भील, रतनी गुर्जर, ममता प्रजापत, सुरेश गमेती, छगन खटीक, पुष्कर गुर्जर तथा राकेश खटीक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता :फाइनल में पहुंचे रोमांचक मुकाबले

## - आंजना, स्वादरी, कुंवाथल और पाता की आंती ने बनाई जगह

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राउमावि कुंवाथल में आयोजित की जा रही 35वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीमों को फाइनल में पहुंचाया। जनरल रेफरी चैनसिंह रावत ने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबलों में सभी टीमों के बीच जबरदस्त और रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। शारीरिक शिक्षक जितेंद्र सिंह एवं नितिन तिवारी ने सेमीफाइनल मुकाबलों के परिणामों



की जानकारी देते हुए बताया कि 19 वर्ष छात्र वर्ग में राउमावि आंजना ने विजयपुरा को और राउमावि बघाना ने स्वादड़ी को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इसी प्रकार 19 वर्ष छात्रा वर्ग में आंजना ने पाता की आंती को और स्वादड़ी ने बरजाल को हराकर फाइनल का टिकट कटाया। 17 वर्ष छात्र वर्ग में मेजबान विद्यालय कुंवाथल ने छापली को तथा पाता की आंती ने बघाना को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं 17 वर्ष छात्रा वर्ग में आंजना और स्वादड़ी की टीमों ने अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रधानाचार्य गणेश राम बुनकर ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच खेल भावना और तकनीकी दक्षता के साथ संपन्न कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबलों के समापन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें विजेता उपविजेता और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्याशंकर नगारची, नरेश कुमार सैनी, अनूप कुमार, आशा सोलंकी, ललित कुमार, मदनसिंह, रघुवीरसिंह पंवार, मधु खोखावत, छविकान्त, कुंवाथल प्रशासक श्रवण गुर्जर, गोरधनसिंह, विनोद गुर्जर, रामचंद्र गुर्जर, आकाश गुर्जर, राजू भाई, शंकरसिंह सहित ग्रामीणों का सराहनीय योगदान बना हुआ है।

# जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान और नगर का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता : विधायक माहेश्वरी

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित नगर सभापति एवं पार्षदों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जनसेवा सुशासन और विकास के संकल्प को दोहराया। दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि नगर की जनता ने भाजपा पर जो अटूट विश्वास व्यक्त किया है वह हम सभी के लिए जनसेवा की नैतिक जिम्मेदारी को और अधिक बढ़ाता है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे आमजन की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण तथा नगर के समग्र एवं संतुलित विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं मूलभूत सुविधाओं




को सुदृढ़ करने पर जो विधायक माहेश्वरी ने कहा कि नगर निकाय के माध्यम से सड़क, नाली, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और बेहतर प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत जनसुविधाओं को दुरुस्त करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पार्षदों से अपने अपने वार्डों में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने का आह्वान उन्होंने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। विधायक ने जनप्रतिनिधियों से विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड बनवाने में अग्रणी भूमिका निभाने की अपील की ताकि बुजुर्गों को निर्बाध स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खिलेगा विकास का कमल आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए माहेश्वरी ने कहा कि संगठन की एक जुटता और जनता के भरोसे के बल पर पार्टी आगामी जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में भी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुशासन और विकास की विजय का कमल खिलेगा।

# शैक्षिक महासंघ पदाधिकारियों का स्वागत : खमनोर प्रवास पर किया संगठनात्मक चर्चा

## आगामी कार्यक्रमों की बनाई रणनीति

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने बुधवार को खमनोर खंड का संगठनात्मक प्रवास किया। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि महासंघ के जिलाध्यक्ष शंकर माली, संगठन मंत्री सतीश आचार्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुजीत कुमार त्रिपाठी तथा



मंत्री हरिओम सिंह चुण्डावत कार्यकर्ताओं से संवाद एवं संपर्क हेतु खमनोर पहुंचे। खमनोर आगमन पर जिला उपाध्यक्ष डॉ भगवतसिंह राठौड़ एवं खंड अध्यक्ष रणवीरसिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रवास के दौरान आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करने पर मंथन किया गया। बैठक में संकुल योजना को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने आगामी दिनों में खंड स्तर पर आयोजित होने वाली महिला समूह की बैठकों की तैयारियों हाल ही में संपन्न हुए जिला शैक्षिक सम्मेलन की समीक्षा करने तथा आगामी माह में आयोजित होने वाले प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में जिले से अधिक से अधिक शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलकेश त्रिपाठी, राजेशसिंह राठौड़, पवन शर्मा, मांगी लाल सहित कार्यकर्ता और शिक्षक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई.